17.12.2024 आकाशवाणी भोपाल 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- पार्वती, कालीसिंध और चम्बल लिंक परियोजना पर मध्यप्रदेश और राजस्थान में हुआ समझौता, प्रधानमंत्री ने कहा-बाकी राज्य इससे सीखे सबक ।
- मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा- मध्यप्रदेश को 20 वर्षों के इतंजार और उपेक्षा के बाद मिला हक़।
- 10वां अंतरराष्ट्रीय वन मेला शुरू, इस बार महिला सशक्तिकरण को समर्पित है आयोजन।
- आस्ट्रेलिया के साथ तीसरे टेस्ट मैच में भारत ने फालोऑन बचाया, अब कल मैच बचाने उतरेगी टीम ।

प्रधानमंत्री जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जयपुर में आयोजित एक समारोह में 46 हजार तीन सौ करोड़ रूपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने 35 हजार तीन सौ करोड़ रूपये से अधिक की 15 परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इनमें पार्वती, कालीसिंध और चम्बल लिंक परियोजना शामिल है, जो राजस्थान और मध्यप्रदेश को जोड़ती है। श्री मोदी की उपस्थिति में मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार के बीच इस परियोजना के समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पार्वती, कालीसिंध और चम्बल लिंक परियोजना से राजस्थान में पानी की समस्या का स्थाई समाधान होगा।

मुख्यमंत्री कावेरी समझौता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन है। मध्यप्रदेश 20 वर्षों के इतंजार और उपेक्षा के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से यह परियोजना पूर्ण हो सकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक युग के भागीरथ की तरह उन्होंने राजस्थान और मध्यप्रदेश को इस परियोजना के माध्यम से जल प्रवाह की सौगात दी है।

इस परियोजना के महत्व को इस बात से समझा जा सकता है कि केन्द्र द्वारा स्वयं 90 प्रतिशत की राशि इस परियोजना में मध्यप्रदेश और राजस्थान को मात्र पांच-पांच प्रतिशत ही व्यय करना होगा। परियोजना से प्रदेश के 3217 ग्रामों को लाभ मिलेगा। मालवा और चंबल क्षेत्र में 6 लाख 13 हजार 520 हेक्टेयर में सिंचाई होगी और 40 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा।

हैकेथॉन- पर्यावरण

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में पर्यावरण रचनात्मकता और नवाचार हैकेथॉन का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं को पर्यावरण से जुड़े स्थानीय मुद्दों को टैक्नोलॉजी और नवाचार के माध्यम से सुलझाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस हैकेथॉन में 14 राज्यों की 35 नवाचार परियोजनाएं शामिल थीं। इस अवसर पर मंत्रालय में सचिव लीना नंदन ने छात्रों को उनके नवाचार और समाधान परियोजनाओं के लिए पुरस्कार प्रदान किए।

उज्जैन महाकाल

उज्जैन में बाबा महाकाल के दरबार में इस साल 31 दिसंबर तक 5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु मत्था टेक चुके होंगे। मंदिर में रोजाना औसतन डेढ़ लाख श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। इस लिहाज से साल के अंत तक बाबा के दरबार पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 5 क करोड़ के पार पहुंच जाएगा. इस वर्ष मंदिर को सभी स्त्रोतों से दो अरब रुपये की आय होने की संभावना है। अभी तक मंदिर को कुल अनुमानित आय एक अरब 78 करोड़ रुपये हुई है।

राज्यपाल टीबी

क्षय भवन में आयोजित 75 वें टी.बी. सील विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि टीबी को हराने और देश को जिताने के लिए भरपूर जोश और शक्ति के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने टी.बी. उन्मूलन अभियान में योगदान के लिए नागरिकों से अपील की है। उन्होंने कहा है कि निक्षय मित्र योजनाओं में पांच सौ, हजार रुपए का योगदान किसी के प्राणों की रक्षा कर सकता है। जनता के प्राणों की रक्षा के उद्देश्य के भाव के साथ टीबी सील अभियान में सहयोग करें।

वन मेला

भोपाल में 10वां अंतरराष्ट्रीय वन मेला शुरू हो गया है। मेला 23 दिसंबर तक चलेगा। यह सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वन मेला इस बार महिला सशक्तिकरण को समर्पित किया गया है। मेले की थीम लघु वनोपज से महिला सशक्तिकरण रखी गई है। इस मेले में 300 स्टॉल लगाए गए हैं। लाल परेड ग्राउंड पर आयोजित मेले में अधिकतर स्टाल जड़ी-बूटी और जंगल से मिलने वाले अन्य उत्पाद के हैं। करीब 50 वैद्य नि:शुल्क उपचार भी कर रहे हैं।

खिलाडी सम्मान

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के श्रेष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिये कल तात्या टोपे खेल स्टेडियम में मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व के उपलक्ष्य में 'खेल प्रतिभाओं का सम्मान एवं प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य होंगे जबकि अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे। श्री सारंग ने कहा कि समारोह में खिलाड़ियों को किट वितरण, श्रेष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान और खेल प्रोत्साहन की अन्य गतिविधियों को शामिल किया जाये। इसमें उत्कृष्ट खिलाड़ी, कोच एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाये।

क्रिकेट

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा क्रिकेट टेस्ट मैच ब्रिस्बेन में खेला जा रहा है। मैच के चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने पहली पारी में नौ विकेट पर 252 रन बना लिये हैं और फालो आन खेलने का खतरा टाल दिया है. अब कल भारतीय टीम मैच बचाने के इरादे से उतरेगी । भारतीय टीम अभी भी 193 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन का स्कोर खड़ा किया था। पांच क्रिकेट टेस्ट मैचों की श्रृंखला में दोनों टीमें एक-एक से बराबरी पर हैं।

समाचार संक्षेप में ...

1. धार जिले में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत कुल 2 लाख 30 हजार 409 पात्र महिलाओं को निः शुल्क गैस कनेक्शन जारी कर लाभांवित किया गया जा चुका है।

2. झाबुआ में बच्चों को कुपोषण के कुचक्र से मुक्त कराने हेतु कुपोषण मुक्त झाबुआ अभियान की शुरुआत की गयी जिसमें नवाचार के तौर पर मोटी आई के माध्यम से बच्चों की देखभाल की जा रही है।

3. सीहोर जिले के श्यामपुर में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, विधायक सुदेश राय सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

4. नीमच जिले में आयुष विभाग द्वारा गत एक वर्ष में कुल एक लाख 34 हजार 76 रोगियों का आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी पद्धति से उपचार किया गया है।

5. खण्डवा में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय मानव स्वास्थ्य एवं जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर अनूप कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।

6. आगरमालवा में आज जनसुनवाई में 88 आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्या एवं शिकायत का निराकरण करने का अनुरोध किया गया।

7. अशोकनगर जिले में शीतलहर चलने के कारण समस्त आंगनबाडी केन्द्रों एवं मिनी आंगनबाडी केन्द्रों का समय आगामी आदेश तक प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक कर दिया गया है.

और

8. शहडोल जिले में कड़ाके की ठंड का सिलसिला जारी है। दो दिन से थोड़ी राहत है लेकिन ठिठुरन उतनी महसूस हो रही है।

-----------------------------